कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा

सत्रांत परीक्षा 2023-24

कक्षा: 7 , विषय: हिंदी

सेट-ए

भाग-2 (वर्णनात्मक प्रश्न)

दिनांक - 11.03.2024 **समय सीमा - 2 घंटे**

नाम - ________________ **अनुक्रमांक _____** **पूर्णांक - 40**

निर्देश -

- **इस प्रश्नपत्र में कुल 3 पृष्ठ हैं एवं प्रश्नों की संख्या 6 है |**
- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड -क - साहित्य एवं खंड -ख - लेखन |**
- **उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |**

खंड - 'क' साहित्य **(22 अंक)**

प्रश्न 1) निम्नलिखित में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए - (2x5=10)

i) 'या तो क्षितिज मिलन बन जाता, या तनती साँसों की डोरी|' दी गई काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए|

ii) 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

iii) पाठ - 'भोर और बरखा' के आधार पर बताइए कि मीराबाई को कौन-सा महीना मनभावन लगता है और क्यों?

iv) पाठ - 'वीर कुँवर सिंह' के आधार पर बताइए कि जगदीशपुर के पतन को क्यों नहीं रोका जा सका? इससे कुँवर सिंह के मनोबल पर क्या असर हुआ?

v) धनराज पिल्लै के तुनुकमिज़ाज होने का क्या कारण था तथा उनका संघर्षपूर्ण जीवन आज के युवाओं के लिए क्या संदेश देता है?

vi) नीलकंठ को 'परफ़ेक्ट - जेंटिलमैन' की उपाधि कैसे मिली?

vii) खानपान की बदलती संस्कृति से लोगों को क्या-क्या लाभ हुए हैं?

प्रश्न 2) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए- (2.5x4=10)

i) धनराज पिल्लै कहते हैं कि उनकी माँ ने उन्हें अपनी प्रसिद्धि (सफलता) को विनम्रता से संभालने की सीख दी है| आप अपने विचारों को व्यक्त करते हुए बताइए कि आजकल के समय में प्रसिद्धि प्राप्त करने के बाद कुछ लोगों के व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आता है तथा क्यों? आप अपने जीवन में सफल होने पर दूसरों के प्रति कैसा व्यवहार रखेंगे?

ii) सोनपुर का मेला आज भी एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है| यहाँ विभिन्न प्रकार के पशुओं तथा मुख्य रूप से हाथियों का क्रय-विक्रय किया जाता है| आपके शहर में कौन-सा मेला लगता है तथा कब लगता है? उस मेले की कोई दो विशेषताएँ बताइए जिसके लिए वह मेला प्रसिद्ध है| आपको उस मेले में सबसे अधिक क्या पसंद आता है?

iii) पाठ 'नीलकंठ' में लेखिका ने यह कहा है कि 'मोर एक कला-प्रिय वीर पक्षी है, हिंसक मात्र नहीं| इसी से उसे बाज़, चील आदि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता|' क्या आप इस कथन से सहमत हैं अथवा नहीं? तर्कसहित उत्तर दीजिए तथा नीलकंठ की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए|

iv) रहीमदास जी ने अपने दोहे में बताया है कि तालाब और वृक्ष अपने द्वारा संचित वस्तु का स्वयं उपभोग नहीं करते| तालाब न तो कभी अपना जल पीते हैं और न ही वृक्ष अपने फल खाते हैं| क्या आपने कभी अपनी किसी वस्तु के द्वारा किसी की मदद की है? भविष्य में आप अपने धन का प्रयोग दूसरों के हित के लिए किस-किस रूप में करेंगे? तर्क सहित उत्तर दीजिए|

v) अपनी आज़ादी खोकर तथा अपने उड़ने का अधिकार गँवाकर स्वर्ण कटोरी में मैदा खाना 'पक्षियों' को पसंद नहीं है| अगर आपको बंधन में रखकर सारी सुख-सुविधाएँ प्रदान की जाएँ तो आप क्या करेंगे और क्यों? अपने विचारों को विस्तारपूर्वक लिखिए|

प्रश्न 3) सुलेख लिखिए - **(2)**

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यंत आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन कुछ क्षण के लिए मानव जीवन के गहन बोझ को कम करके व्यक्ति में उत्साह का संचालन कर देते हैं। मानव सृष्टि के आरंभ से ही मनोरंजन की आवश्यकता प्राणियों ने अनुभव की होगी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे नवीनतम खोज इस अभाव को पूरा करने के लिए की गई। मनोरंजन के क्षेत्र में जितने भी सुंदर अन्वेषण एवं आविष्कार हुए हैं, उनमें सिनेमा भी एक है।

खंड - 'ख' लेखन (18अंक)

प्रश्न4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 9-10 संवाद लिखिए- **(6x1=6)**

किताब और स्कूल बैग के बीच संवाद

अथवा

गुल्लक (पिग्गी बैंक) और बच्चे के बीच संवाद

प्रश्न 5) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 9 - 10 पंक्तियों में अनुच्छेद अथवा लघुकथा लिखिए - **(6x1=6)**

जब मैं छोटा बच्चा था

अथवा

दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर एक लघुकथा लिखिए -

संकेत बिंदु -

- एक गाँव
- दो घनिष्ठ मित्र
- मुसीबत में साथ न देना
- सच्चा मित्र वह है जो समय पर साथ दे

प्रश्न 6) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - **(6x1=6)**

आपके पिताजी ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर आपको लैपटॉप उपहार में भेजा है ,उन्हें धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

अपने जन्मदिन पर चाचाजी / चाचीजी को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए|